दिनांक-30दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वच्छता के अभियान में नागरिकों ने दिखाई अपनी सहभागिता , जोगिंग करते-करते उठाया कचरा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों ने स्वच्छता के महाअभियान में शामिल होते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, डिस्पोजल, पन्नी एवं कचरा आदि उठाने का कार्य किया! लोग अपने घरों से कचरा उठाने के लिए थैला इत्यादि लेकर निकले! निगम प्रशासन द्वारा इन्हें हाथ में पहनने के लिए दस्ताना भी प्रदान किया गया, ताकि कचरा उठाने में दिक्कत न हो! निगम प्रशासन के अपील पर नागरिकों ने स्वच्छता में अपनी सहभागिता निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों से कचरा उठाने का कार्य किया तथा कई लोगों ने जोगिंग करते हुए कचरा उठाया! प्रातः 7:00 बजे से प्रमुख सड़क , गली-मोहल्ले, आदि स्थानों से प्रतिबंधित ,प्लास्टिक,पॉलिथीन,पन्नी, डिस्पोजल एवं अन्य कचरे का संग्रहण करने का कार्य नागरिकों के द्वारा किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी भी सम्मिलित हुए! नगर निगम के जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 भेलवा तालाब के समीप तथा वार्ड क्रमांक 4 राधिका नगर स्लॉटर हाउस, जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 देसी शराब दुकान के पास जवाहर नगर , जोन क्रमांक 3 क्षेत्र में बैकुंठ धाम के समीप तालाब परिसर ,जोन क्रमांक 4 केनाल रोड से आईटीआई ग्राउंड एवं जोन क्रमांक 5 वार्ड 65 सड़क 2 के स्थानों में प्लास्टिक, पॉलिथीन तथा कचरा एकत्रित करने का कार्य नागरिकों की सहभागिता से किया गया! आज प्रातः कालीन बड़ी संख्या में बैकुंठ धाम तालाब परिसर पर लोगों की मौजूदगी स्वच्छता को लेकर दिखी जहां पर तालाब के परिसर को साफ करने का कार्य किया गया जिसमें युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी वर्ग के लोग सम्मिलित हुए, हाथों में थैला लिए लोग बेझिझक कचरे को एकत्रित करते रहे! स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता अत्यंत ही आवश्यक है जो आज देखने को मिली, इसी प्रकार से अपने आसपास के परिसर को भी साफ रखकर स्वच्छता में योगदान दिया जा सकता है! स्वच्छता के छोटे-छोटे प्रयासों से निगम भिलाई स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में ऊंचे पायदान पर पहुंच सकता है! निगम प्रशासन सुखा कचरा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक प्रदान करने के लिए लोगों से लगातार अपील कर रहा है , होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता प्रसारित कर रहा है , आसपास के परिसर को साफ स्वच्छ रखने के लिए लगातार अपील कर रहा है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी